प्रदूषित जल के कारण फसलों का नष्ट होना

3476. श्री महेन्द्र सिंह लाठर: क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय ताप विद्युत परियोजना (गाजियाबाद) से जुड़ी हसनपुर की छोटी नहर से बहने वाले प्रदूषित जल के कारण कोट, नगला, नैनसुख, सिलमपुर, कैमरला, रामगढ़ और मिलक गाँवों की लगभग 1,200 एकड़ भूमि में फसल नष्ट हो गई है;

(ख) यदि हां, तो राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम परियोजना के प्रदूषित जल को वहां ले जाने वाली इस छोटी नहर की मरम्मत न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र के किसानों की कोई क्षतिपूर्ति की है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस नहर के दोनों तरफ के पुश्तों के निर्माण का कार्य कब तक पूरा हो जायेगा और इसमें अन्तर्ग्रस्त अनुमानित व्यय का ब्यौरा क्या है?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) दादरी (जिला गाजियाबाद) में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के विद्युत संयंत्र के सीमा क्षेत्र में एक नाला है जिसे हसनपुर नाले के नाम से जाना जाता है इस नाले में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के संयंत्र से निस्सरण समेत इस क्षेत्र की ओर वर्षा का पानी बहता है। इस नाले में राष्ट्रीय ताप विद्युत केन्द्र के विद्युत संयंत्र से किसी तरह का प्रदूषित निस्सरण नहीं होता है।

(ख) उपर्युक्त (क) को दृष्टि में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दादरी (जिला गाजियाबाद) में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के विद्युत संयंत्र से किसी तरह के प्रदूषित जल निस्सरण न होने की वजह से मुआवजे का प्रश्न नहीं उठता।

(घ) दादरी (जिला गाजियाबाद) में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के संयंत्र से किसी तरह के प्रदूषित निस्सरण न होने के कारण राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा तट-बंध बनाने का प्रश्न नहीं उठता।

Feasibility of Tehri Dam

3477. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the statement by eminent ecologist Dr. Vandana Shiva appearing in the Indian Express dated the 25th December, 1991 accusing Government of manipulating of data related to the Tehri earthquake in an attempt to dilute the grave hazards posed by Tehri Dam to the seismicity of the region; and

(b) if so, what is the reaction of Government with regard thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): (a) Yes Sir.

(b) According to the Government experts, the Press report does not reflect a proper understanding of the scientific data and, therefore, does not present a balanced view of the safety aspect of the Tehri Dam. The Government have already examined the safety aspect of the Tehri Dam critically through independent Committees and Experts who have, based on the latest International findings on advances in Earthquake Engineering concluded that Tehri Dam, as designed, is safe after assuming the worst earthquake scenario of magnitude 8+ on the Richter scale and with a probable source of earthquake at a depth of 15 km below dam site.

जल विद्युत परियोजनाओं के लिए विदेशी सहायता

3478. श्रीमती रत्न कुमारी: क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मिनी / माइक्रो जल विद्युत परियोजनाओं तथा लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए विदेशी सहायता प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिए मध्य प्रदेश को कितनी राशि उपलब्ध करायी जाएगी तथा इस राशि से आरंभ की जाने वाली संभावित परियोजनाएं कौन-कौन